United States
Census
2010
अमरीकी सेंसस
हमारा भविष्य हमारे हाथ

अमरीकी सेंसस ब्यूरो हमारे
देश के हर नागरिक से निवेदन
कर रहा है कि आप सब

"2010 सेंसस में अपनी गिनती करवाएँ।"

सेंसस: एक स्नैपशॉट

- **क्या:** सेंसस अमरीका में रह रहे हर व्यक्ति की गिनती है।
- **कौन:** सभी अमरीकी निवासियों की गिनती अवश्य की जानी चाहिए – सभी जातियों और समूहों के लोग, नागरिक और गैर नागरिक दोनों।
- **कब:** सेंसस का दिन अप्रैल 1, 2010 है। फार्म में दिये सवालों के जवाब उस दिन के परिवारों की स्थिति को बताएँ। अधिक सामाजिक और आर्थिक जानकारी कुछ प्रतिशत लोगों से वार्षिक तौर पर **अमेरिकन कम्यूनिटी सर्वे** द्वारा अलग से इकट्ठी की जायेगी।
- **क्यों:** अमरीकी संविधान हर 10 वर्ष में एक बार राष्ट्रीय सेंसस की मांग करता है। सेंसस राज्य की जनसंख्या को दिखाएगा और अमरीका के हाउस ऑफ रिप्रेंजेंटेटिव्स में प्रतिनिधियों की संख्या को निश्चित करेगा।
- **कैसे:** सेंसस फार्म मार्च 2010 में हर घर में दिये जाएँगे या डाक से भेजे जायेंगे; अनेक निवासियों को दुबारा फार्म अप्रैल की शुरूआत में ही मिल जाएँगे। सेंसस वर्कर उन घरों में जाएँगे जिन्होंने फार्म वापिस नहीं किये हैं।

एक सम्पूर्ण सेंसस: सेंसस डाटा का महत्व

- हर साल, केन्द्रीय सरकार सेंसस डाटा के आधार पर स्टेट्स और कम्यूनिटी को $400 बिलियन से अधिक की राशि अंश में बाँट सकती है।
- सेंसस डाटा स्थानीय फैसला करने वालों का मार्गदर्शन करेगा कि नई सड़कों, हॉस्पीटल, डे केयर और सीनियर सिटिजन केंन्द्रों, स्कूलों और अन्य सुविधाओं की स्थापना कहाँ की जाये।
- बिजनेस सेंसस डाटा का उपयोग सुपरमार्केट, नए आवास और दूसरी सुविधाएँ तलाश करने के लिए करते हैं।
- सेंसस डाटा यह भी तय करता है कि अमरीका के हाउस ऑफ रिप्रेंजेंटेटिव्स में किस राज्य की कितनी सीटे होंगी।

2010 सेंसस फार्म : संक्षिप्त, सरल और गोपनीय

- केवल 10 सवालों के साथ, 2010 सेंसस फार्म इतिहास का सबसे छोटा फार्म है और इसे पूरा करने में केवल 10 मिनट लगते हैं।
- कानून के अनुसार, सेंसस ब्यूरो किसी व्यक्ति द्वारा फार्म में भरे गए जवाबों को, किसी भी केन्द्रीय एजेंसी और कानून लागू करने वाली संस्थाओं समेत, किसी अन्य के साथ बाँट नहीं सकता।

2010 सेंसस महत्वपूर्ण है।

यह महत्वपूर्ण सामाजिक सेवाओं के लिए वार्षिक $400 बिलियन से अधिक की तय राशि के वितरण को निर्धारित करता है। यह देशभर में हजारों रोजगार के अवसर पैदा करता है। और यह कांग्रेस में आपकी आवाज को बल प्रदान करता है।

परिवर्तन आप ही से संभव है।

एक प्रभावशाली समाज, बिजनेस या संगठन के नेता के रूप में, आप लोगों में इस ऐतिहासिक घटना की जानकारी बढ़ा सकते हैं और उन्हें इसमें हिस्सा लेने के लिए उत्साहित कर सकते हैं। आपकी मदद से सेंसस ब्यूरो सही डाटा पेश करता रहेगा, जो कि समाज में आपके जीवन की खुशहाली को प्रभावित करेगा।

2010 CENSUS
हमारा भविष्य हमारे हाथ

2010 सेंसस: पार्टनरशिप पर एक नज़र

United States Census 2010
अमरीकी सेंसस
हमारा भविष्य हमारे हाथ

2010 सेंसस के पार्टनर बनें

आपकी पार्टनरशिप सेंसस के महत्व और उसमे गिने जाने के लाभों के बारे में आपके समाज के लोगों को एक खास संदेश पहुँचाती है। सेंसस ब्यूरो के साथ पार्टनरशिप करके आप इन बातों में सहायता कर सकते हैं:

- सेंसस का सही डाटा आपके समाज के फंडिंग निर्णयों को और कांग्रेस मे आपके प्रतिनिधित्व को प्रभावित करेगा।
- अपने समाज में टैम्पोरेरी सेंसस जॉब्स के बारे में खबर फैलाएँ।
- लोगों को विश्वास दिलाएँ कि सेंसस के सवालों का जवाब देना ज़रूरी और सुरक्षित है।

अपने समाज और देश के लिये सही कदम उठाएँ।

एक पार्टनर के रूप में, 2010 सेंसस को सफल बनाने में, अपने समाज के लोगों को सेंसस में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करके आप एक खास रोल अदा करेंगे। आप ये कर सकते हैं:

- अपने साथियों को कम्पलीट काऊंट कमेटी में शामिल होने के लिये प्रेरित करें। यह कमेटी आपके क्षेत्र के प्रभावशाली लीडरों का एक ग्रुप है जो सेंसस में आप सब की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बना है।
- 2010 सेंसस के बारे में घोषणा कीजिये और जानकारी फैलाइये।
- अपने न्यूजलेटर, मेलिंग और ऑनलाइन जाकर सेंसस के बारे में जानकारी दीजिये।
- सेंसस में लोगों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए मीटिंग बुलाएँ या अन्य प्रोग्राम आयोजित करें।
- सेंसस वर्करों की भर्ती में मदद कीजिये।
- सेंसस के ''बी काउंटेड साइट्स'' और ''फार्म असिस्टेंस सेंटर'' के लिए और सेंसस वर्करों की ट्रेनिंग के लिए जगह उपलब्ध कराएँ।

2010 सेंसस टाइमलाइन: मुख्य तारीखें

सितम्बर - नवम्बर 2008	सेंसस के शुरूआती कामों के लिए लोकल सेंसस जॉब्स की भर्ती शुरू होती है।
मार्च - मई 2009	सेंसस वर्कर देशभर में घर घर जाकर ऐड्रेस लिस्ट को अपडेट करेंगे।
सितम्बर - नवम्बर 2009	सेंसस के अधिकतम काम के भार को संभालने के लिए सेंसस लेने वालों की भर्ती 2010 में शुरू होगी।
फरवरी- मार्च 2010	सेंसस फार्म हर घर में दिये जाएँगे या डाक से भेजे जायेंगे।
अप्रैल 1, 2010	सेंसस का दिन
मई - जुलाई 2010	सेंसस लेने वाले उन घरों में जाएँगे जिन्होंने डाक द्वारा फार्म नहीं लौटाए।
दिसम्बर 2010	कानून के अनुसार, सेंसस ब्यूरो जनसंख्या का डाटा प्रेसीडेंट को पेश करेगा जिसके आधार पर प्रेसीडेंट राज्यों के बीच राशि का बँटवारा करेगा।
मार्च 2011	कानून के अनुसार, सेंसस ब्यूरो इस डाटा को राज्यों को देने का काम पूरा करता है।

2010 CENSUS
हमारा भविष्य हमारे हाथ

एक सम्पूर्ण और सही जनसंख्या की गिनती
हमारे हाथ में है

2010 सेंसस की अधिक जानकारी के लिए, 2010census.gov पर जाएँ।

Issued August 2009
Form D-3234 (HI)

U.S. Department of Commerce
Economics and Statistics Administration
U.S. CENSUS BUREAU